हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 7 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 35 .6 डिग्री
न्यूनतम 19 .0 डिग्री

11 गढ़ी झंझारा रोड पर सीवर लाईन दबाने का काम धीमा



12 मॉक ड्रिल आज बजेंगे सयारन प्रशासन ने की तैयारी



## खबर संक्षेप

### गांव पूठी में ट्यूबवेल पर लगाई मोटर चोरी

**गोहाना।** गांव पूठी के खेतों से ट्यूबवेल पर लगाई गई मोटर चोरी कर ली गई। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। गांव भैंसवान खुर्द के अधिवक्ता दीपक पनिया ने पुलिस को बताया कि उसके खेत में ट्यूबवेल चलाने के लिए बिजली का कनेक्शन है। चोरों ने पांच हार्स पावर की मोटर चोरी कर ली। उसके खेत के साथ में ही उसके गांव के संदीप के खेत से भी मोटर चोरी की गई।

### घर में चोरी करने घुसे युवक को पकड़ा

**गोहाना।** गांव गढ़ी उजाले खां की नई बस्ती में एक युवक घर में चोरी करने के लिए घुस गया। उसी समय मकान मालिक महिला पहुंच गई और उसने स्वजन को बुलाकर उसे पकड़ लिया। शहर थाना में केस दर्ज किया गया। जींद में गांव तलौढ़ा खेड़ी की आशा रानी ने पुलिस को बताया कि वह हाल में नई बस्ती में रहती है। तीन मई की रात को उसके घर से गैस सिलिंडर, बैट्री, सिलाई मशीन, कूलर की मोटर व अन्य सामान चोरी कर लिया। वह सोमवार को घर में सफाई के लिए पहुंची तो नरेश रसोई की खिड ?ी तोड़ कर घर के अंदर घुसा मिला। उसने भाई व अन्य लोगों को मदद से उसे पकड़ लिया और पुलिस को शिकायत दी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को लगेगी

**सोनीपत।** जिला सोनीपत व उपमंडल गोहाना, गन्नौर व खरखौदा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि इस लोक अदालत के दौरान आपसी सहमति से केसों का निपटारा किया जाएगा किया जाएगा। लोक अदालत के द्वारा न्यायालय में लंबित फौजदारी समाधेय, चेक बाउंस केस (धारा 138 एक्ट के मामले), अन्य दीवानी मामले, ट्रैफिक चालान, मोटर व्हीकल दुर्घटनाग्रस्त मामलों, वैवाहिक विवाद मामले समेत अन्य विभिन्न वर्गों के मामलों का निपटारा किया जाएगा। कोई भी परिवादी अपने केसों का न्यायालय में पहुंच कर आपसी रजामंदी से केसों को लोक अदालत के माध्यम से निपटारा करवा सकता है।

### 6 लाख के एलुमिनियम की तार चुराए

**खरखौदा।** देहरादून उत्तराखंड निवासी योगेन्द्र सिंह तोमर ने खरखौदा पुलिस को तार चोरी होने की सूचना दी है। उसने बताया है कि वह पिछले 8 साल से आर एस इंफरो प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड जो कि उनकी कंपनी की तरफ से जाजी से खरखौदा प्रोजेक्ट-ए में 220 केवी की बिजली की तार लगाई जा रही थी। गांव झरोठ व झरोठी गांव से गुजर रही है। झरोठी के खेतों मे लगभग तीन खंभों की लगभग 1 किलोमीटर की एलुमिनियम की तार चोरी हो गयी है। खिंची हुई तार चोरों द्वारा काटने के कारण से टावर पर अत्यधिक दबाव पड़ने के कारण 3 टावर भी क्षतिग्रस्त हो गये हैं। तारों की कीमत करीब 6 लाख रूपए है।

### वाहन चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना सोनीपत पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सिकंदर निवासी आरके कॉलोनी मुरथल का है। स्वतंत्र नगर नरेला निवासी अभिषेक ने गत 23 अप्रैल को पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि वह जाटी मोड पर अपनी किसी काम से गया हुआ था। बाइक को खड़ी करके दुकान पर सामान लेने के लिए चला गया। देर रात करीब दस बजे वापस आया तो उसकी बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।

नगर निगम की हाउस बैठक : 200 एजेंडे रखे 170 किए पास, ईएसआई डिस्पेंसरी के स्थान पर पार्किंग बनेगी

# विकास का खाका तैयार : बाजारों में सीसीटीवी लगवाएगा निगम, मार्केट में होगा कंट्रोल रूम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

नगर निगम अब शहर के बाजारों में सीसीटीवी लगवाएगा। बढ़ती हुई चोरी की वारदात पर लगाम कसने के लिये यह निर्णय लिया गया है। जिस मार्केट में सीसीटीवी लगाए जाएंगें, उसी मार्केट में कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। यह निर्णय मंगलवार को नगर निगम की हाउस की मीटिंग में लिया गया है। इसके अलावा सीवर ओवरफ्लो होने की समस्या को रोकने के लिये सीवर में गोबर बहाने पर भी रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत हर पशु मालिक के यहां से पशुओं का गोबर उठाने के लिये एजेंसी को टेंडर दिया जाएगा। इस काम के लिये पशु मालिक से प्रति पशु के हिसाब से 200 रुपये वसूले जाएंगें।

मंगलवार को एडीसी कार्यालय स्थित डीआरडीए हॉल में हुई हाउस की बैठक में विभिन्न वार्डों के विकास कार्यों को लेकर भी बैठक हुई। जिसमें 200 से अधिक एजेंडों पर चर्चा की गई। इस बैठक में 170 के करीब एजेंडे मंजूर किए गए। मेयर राजीव जैन की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में स्वीकृत किए गए एजेंडों पर जल्द से जल्द काम करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम के एसटीपी, डब्ल्यूटीपी व रेनीवेल को सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण को सौंपने का प्रस्ताव पास किया। 30 जून से पहले हर सड़क पर गड्ढे भरने और नालों व ड्रेनेज सिस्टम की सफाई पर जोर दिया। लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। नंदीशालाओं में गोवंशों की बिक्री बोली से करने, व्यापारी भवन बनाने, ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने, निगम की जमीनों पर बोर्ड लगाने एवं चारदीवारी करवाने, सीनियर सिटीजन भवन बनाने, ईएसआई डिस्पेंसरी के स्थान पर पार्किंग स्थल बनाने के प्रस्ताव पास हुए। बैठक में निगम आयुक्त हर्षित कुमार, संयुक्त आयुक्त डॉ. नरेश कुमार, हाउस मीटिंग में सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, हरि सैनी, सुरेंद्र नय्यर, सुरेंद्र मदान, बबीता कौशिक, मुकेश सैनी, रेनू सैनी, लाला मुनिराम मौजूद रहे।



**सोनीपत।** डीआरडीए हॉल में निगम हाउस की बैठक के दौरान मेयर, अधिकारी एवं पार्षदगण।

### सीवर ओवरफ्लो की शिकायत

निगम पार्षद मोनिका नागर व नवीन तंवर ने 33 फुट रास्ते पर सीवर लाइन ओवरफ्लो व सूरी पेट्रोल पंप वाली गली में बारिश के पानी भरने का मुद्दा उठाया। मेयर ने अधिकारियों को लाइनों की सफाई ठीक ढंग से कराने के निर्देश दिए। साथ ही बारिश के पानी की निकासी के लिए बने नालों के स्थान पर पाइप लाइन डालने का प्रस्ताव पास किया। वाटर कूलर लगवाने की मांग पर मेयर राजीव जैन ने मंत्री कोटे के तहत 10 लाख रुपये से विभिन्न स्थानों पर वाटर कूलर रखने का निर्णय लिया। यह राशि नगर निगम को तत्कालीन शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन ने जारी की थी।

### मैं भी कविता से उधार में पुलिसकर्मी लेकर घूम रहा हूं

बैठक के दौरान सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने अपने व डिप्टी मेयर के लिए सरकारी गाड़ी व सुरक्षाकर्मी देने की बात कही। मेयर राजीव जैन ने कहा कि मेरे पास भी सरकारी गाड़ी व सुरक्षा कर्मी नहीं है। मैं भी अपनी पत्नी पूर्व मंत्री कविता जैन से उधार पुलिसकर्मी लेकर घूम रहा हूं। आपकी मांग को सरकार के पास भेजा जाएगा। निगम पार्षदों को एजुकेशनल टूर पर ले जाने का प्रस्ताव पास हुआ। जून में उन्हें टूर पर ले जाया जाएगा और वहां के निकाय अधिकारियों के साथ कार्यशाला की जाएगी।

### पार्षदों ने उठाए ये मुद्दे

पार्षदों ने सीसीटीवी, बंदरों को पकड़ने, गोवंशों को पकड़ने, सफाई व्यवस्था और कुत्तों की नसबंदी को लेकर मुद्दे उठाए। शहर में लंबे समय से सीसीटीवी बंद पड़े हैं। कार्यकारी अभियंता अजय निराला ने बताया कि तीसरी बार टेंडर लगाया जाएगा। गोवंश सड़कों पर घूमने के सवाल पर मुख्य सफाई निरीक्षक साहब सिंह ने कहा कि 22 अप्रैल को अंतिम बार गोवंशों को पकड़ा था। नंदीशाला भरने से गोवंशों को रखने की जगह नहीं है। मेयर ने जमीन तलाश कर तारबंदी कर उसमें गोवंश रखने का सुझाव दिया। बंदरों पकड़ने के मामले में मेयर ने कहा कि खरखौदा में 1300 रुपये प्रति बंदर के हिसाब से टेंडर हुआ है। खरखौदा वाली एजेंसी से संपर्क करके उसको टेंडर दिया जाए।

### रेहड़ी फड़ी वालों का डाटा लेंगे

बैठक के दौरान ऑटो चालकों की तर्ज पर हर रेहड़ी फड़ी वालों का डाटा एकत्रित करने का निर्णय लिया। जिसमें हर रेहड़ी फड़ी वाले से परिवार पहचान पत्र व आधार कार्ड लिया जाएगा। ऑटो चालकों की तरह इनकी रेहड़ी पर भी इनकी पहचान उजागर की जाएगी। इसके लिये प्रस्ताव पास किया गया है। वहीं बैठक में मेयर ने बताया कि निगम क्षेत्र में 500 गज या इससे कम जमीन पर बसे लोगों को मालिकाना हक देने के लिए सरकार की तैयारी है।

### ये मांगें भी रखी

- भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने गांव राई में पीएचसी बनवाने की मांग की। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र पर हुए कब्जे का मुद्दा दोबारा उठाया। इस पर मेयर ने अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।
- पार्षद अतुल जैन ने वार्ड नंबर 15 में पेयजल लाइन डालने में लापरवाही का आरोप लगा जगह-जगह गड्ढे खोदने की बात कही।
- पार्षद मुनीराम ने रायपुर व फाजिलपुर में पानी आपूर्ति की मांग की। मेयर ने बताया कि एसएमडीए की ओर से रायपुर, फाजिलपुर, रेल हाइराइजर्स सोसाइटी व वर्धमान सोसाइटी में यमुना का पानी पहुंचाया जाएगा।
- पार्षद मुकेश सैनी ने अवैध कॉलोनियों पर रोक लगाने की मांग रखी।

### गायों की बिक्री पर रोक हो

इसके अतिरिक्त सेक्टर 23 का चौक गुरु गोरखनाथ के नाम पर, नन्दीशालाओं में गायों की बिक्री पर रोक लगाने, बाजारों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, महाराजा शूरसेन एवं महर्षि बाल्मीकि चौक बनाने, व्यापारी भवन बनाने, बरसाती नालों में पाइप लाइन डालने, ई वी चार्जिंग स्टेशन बनाने, शहर में धार्मिक संस्थाओं द्वारा मांगी जा रही जमीनों का प्रस्ताव मुख्यालय भेजने, निगम की जमीनों पर बोर्ड लगाने एवं चारदीवारी करवाने, सीनियर सिटिजन भवन बनाने, ई एस आई डिस्पेंसरी के स्थान पर पार्किंग बनाने की बात भी कही।

### इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई

- *वार्ड 1* – जोहड़ की चार दीवारी, फ्लाई ओवर से हनुमान नगर तक सीवेरज एवं पीने के पानी की लाइन, प्रजापत चौपाल में पहली मंजिल पर हॉल
- *वार्ड 2* – कबीर भवन में ऊपरी मंजिल का निर्माण, मोहल्ला कोट की पुरानी टंकी को गिराने तथा बूस्टिंग स्टेशनों पर जनरेटरों की व्यवस्था करने
- *वार्ड 3* – सेक्टर 14 के सामुदायिक भवन का पुनर्निर्माण, हेम नगर, आदर्श नगर में नये ट्यूबवेल लगाने
- *वार्ड 4* – सेक्टर 15 एवं सेक्टर 12 के पार्कों में जिम लगवाने, राजीव कॉलोनी की गलियों का पुनर्निर्माण तथा बरसाती पानी की निकासी के लिए स्टॉर्म वाटर लाइन डालने
- *वार्ड 5* – देवडु गांव में पीने के पानी की लाइन बदलने, प्रजापत समाज को बर्तन पकाने के लिए दी गई जमीन की चारदीवारी का पुनर्निर्माण, चावला कॉलोनी की गलियों का पुनर्निर्माण
- *वार्ड 6* – फाजिलपुर में पानी की लाइन बदलने, रेवली में सामुदायिक भवन, शाहपुर में जोहड़ की सफाई, गढ़ शहजानपुर में शमशान घाट की मरम्मत
- *वार्ड 7* – गांव रायपुर में अम्बेडकर भवन का निर्माण, गांव रायपुर, फाजिलपुर तथा हाउसिंग सोसाइटी को जाजल रेनीवेल का पानी देने, बहालगढ़ सामुदायिक भवन की मरम्मत, लिवासपुर में जाजल रेनीवेल का पानी देने के लिए बूस्टिंग का निर्माण
- *वार्ड 8* – राई में जाजल रेनीवेल का पानी देने, लिवान गांव में सामुदायिक केंद्र बनाने, राई एवं लिवान में सुलभ शौचालय बनेगा
- *वार्ड 9* – जाट जोशी में पार्क एवं सामुदायिक केंद्र, राठधना में धानक चौपाल बनेगी।
- *वार्ड 10* – ड्रेन नंबर 6 के साथ लगती ग्रीन बेल्ट को पार्क के रूप में विकसित करने, सेक्टर 12 की गलियों का पुनर्निर्माण
- *वार्ड 11* – कच्चे क्वार्टर एवं ज्ञान नगर की गलियों का पुनर्निर्माण, ओल्ड डी सी रोड पर नाले में पाइप डालने, आनंद नगर चौपाल का अधूरा निर्माण पूरा करने, शिवजी कॉलोनी की गलियां बनाने
- *वार्ड 12* – तारा नगर, जीवन नगर की गलियों का पुनर्निर्माण, आठ मरला तथा एटलस रोड पर नई सीवर लाइन, मॉडल टाउन में चिल्ड्रन पार्क के पास सीवर लाइन बदलने
- *वार्ड 13* – कबीरपुर में पुस्तकालय, कॉलोनियों में गलियों का पुनर्निर्माण
- *वार्ड 14* – नरेंद्र नगर, रूप नगर, राजीव नगर की गलियों में मैस्टिक सड़क बनाने, बैयापुर खुर्द में पानी की वयवस्था करने
- *वार्ड 15* – सभी पार्कों में जिम, झूले व चारदीवारी का पुनर्निर्माण
- *वार्ड 16* – गांव लहराड़ा की गलियों में सीवर लाइन, रविदास चौपाल की मरम्मत, वाल्मीकि चौपाल में एक और मंजिल, कालूपुर गोंडे से लहराड़ा बड़ी लाइन तक सीवर लाइन डालने
- *वार्ड 17*– स्ट्रीट लाइट लगवाने,
- *वार्ड 18* – पार्कों का पुनर्निर्माण
- *वार्ड 19* – गढ़ी ब्राह्मणं में सामुदायिक भवन, जेल की जमीन में शमशान घाट, गोशला की खाली जमीन खरीदने
- *वार्ड 20* – लेबर चौक पर वाटर कूलर लगाने, रेलवे फ्लाईओवर के नीचे की सड़क बनाने, शनि मंदिर रेलवे लाइन के नीचे सड़क मरम्मत करने के प्रस्ताव पास किए गए।

## खेडी के सरपंच पर लगे आरोप सिद्ध, डीसी ने निलंबित किया

**गन्नौर।** खेडी तगा गांव के सरपंच पर पंचायत फंड का दुरुपयोग करने और सरकारी योजनाओं से पात्र लोगों को वंचित रखने के आरोप में उपायुक्त ने उन्हें निलंबित कर दिया है। उपायुक्त सोनीपत के आदेश पर गठित जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में पुष्टि की है कि सरपंच द्वारा अपने पद का दुरुपयोग किया गया है। शिकायत के अनुसार, तीन लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर आवंटित किए गए थे, लेकिन सरपंच द्वारा उन्हें अयोग्य बताकर उनके घर रद्द करने की धमकी दी गई। आरोप है कि सरपंच ने पंचायत चुनाव की रंजिश रखते हुए लाभार्थियों के मकान नहीं बनने दिए। जांच में यह भी सामने आया कि तीनों लाभार्थियों को नियमों के अनुसार योजना का लाभ मिलना चाहिए था, लेकिन सरपंच ने व्यक्तिगत दुश्मनी के चलते उनके घर बनने से रोका। जांच कमेटी द्वारा किये गए निरीक्षण में पाया गया कि सरपंच ने पद का दुरुपयोग किया।

## पट्टी मुसलमान में हो रहा अवैध निर्माण गिराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जिला नगर योजनाकार की टीम ने मंगलवार को गांव पट्टी मुसलमान की राजस्व संपदा पर लगभग 08 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में पीला पंजा चलाया। डीटीपी अजमेर सिंह ने बताया कि यहां बनाए गए कच्चे रास्तों, 10 डीपीसी (डैम्प प्रूफ कोर्स), 08 बाउंड्री वॉल और एक अन्य अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया है। डीटीपी अजमेर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे भू-माफियाओं के बहकावे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार की ओर से कोई भी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जाती, जिससे लोगों की मेहनत की कमाई व्यर्थ हो जाती है। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पहले यह अवश्य जांच लें कि कॉलोनी के निर्माण के लिए संबंधित विभाग से अनुमति प्राप्त की गई है या नहीं।



**सोनीपत।** अवैध निर्माण को जेसीबी के जरिये तोड़ते हुए।

## ई-रिक्शा पलटने से चालक की मौत, छात्रों को आई चोट

**गन्नौर।** बेगा रोड पर मामन पेड़े वाले के पास अचानक ई रिक्शा के आगे कुत्ता आने से ई रिक्शा पलट गई। हादसे में चालक को गंभीर चोट आई और छात्रों को मामूली चोट आई। आसपास के लोग उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों के ब्यान पर इतफाकिया मामला दर्जकर शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। प्रापत जानकारी के अनुसार गांव खेड़ी तगा निवासी राजेश मंगलवार की सुबह अपने गांव से बच्चों को स्कूल में छोड़ने जा रहा था, जब वह बेगा रोड पर पेड़े वाले के पास पहुंचा तो अचानक सामने से कुत्ता आ गया और सन्तुलन बिगड़ने के कारण राजेश के सिर में चोट लग गई। आसपास के लोग राजेश को अस्पताल में लेकर गए तो चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जांच अधिकारी बड़ी थाना पुलिस के एएसआई दिनेश ने बताया कि सिर में गहरी चोट लगने से चालक की मौत हुई।

हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के सदस्यों ने किया सर्वेक्षण

# ठसका और खेड़ी गुज्जर गांव जल्द बन सकते हैं जैव विविधता विरासत स्थल

- 800 से अधिक 250 से 300 वर्ष पुराने जाल के पेड़ पाए गए, संरक्षण की योजना तैयार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

सोनीपत जिले के ठसका और खेड़ी गुज्जर गांवों की धरती पर छिपा है एक अनमोल खजाना - प्रकृति की विरासत, जैव विविधता की संपदा और पर्यावरण संरक्षण की मिसाल। अब इस धरोहर को वैश्विक पहचान दिलाने की तैयारी शुरू हो गई है। हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड की टीम ने इन गांवों का दौरा कर क्षेत्र को जैव विविधता विरासत स्थल घोषित करने की दिशा में पहला कदम बढ़ा दिया है।

बोर्ड के मुख्य सलाहकार विनोद कुमार कड़वासरा की अगुवाई में हुई इस विशेष सर्वेक्षण यात्रा में ठसका गांव की बनी क्षेत्र ने सबका ध्यान खींचा, जहां मौजूद हैं लगभग 800 जाल (शमी) के वृक्ष, जिनकी उम्र 250 से 300 वर्ष तक आंकी गई है। ये वृक्ष न केवल पारिस्थितिकी के लिए कीमती हैं, बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण हैं।

कड़वासरा ने निरीक्षण के दौरान गांववासियों से सीधे संवाद कर उन्हें जैव विविधता संरक्षण में उनकी भूमिका का अहसास कराया। उन्होंने कहा कि यदि इन क्षेत्रों को जैव विविधता विरासत स्थल घोषित किया गया, तो यह न केवल पर्यावरण को संजीवनी देगा, बल्कि पारिस्थितिकीय पर्यटन, शिक्षा और अनुसंधान को भी नई दिशा मिलेगी। निरीक्षण दल में जिला समन्वयक श्यो प्रसाद, वन दरोगा रमेश मलिक, अजय, आशीष के साथ-साथ ठसका गांव की सरपंच पूनम देवी और खेड़ी गुज्जर के सरपंच जगबीर भी उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत किया और संरक्षण में सहयोग का भरोसा दिलाया।



**सोनीपत।** बनी में सैंकड़ों वर्ष पुराने पेड़ के साथ बोर्ड की टीम।

## चलती कार में अज्ञात कारणों से लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर राई थाना क्षेत्र में चलती कार में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। कार के अगले हिस्से में अचानक आग लगी देख चालक ने कार से कूदकर अपनी जान बचाई। मामले की सूचना मिलते ही राई थाना पुलिस व दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंची। जहां कार में लगी आग पर काबू पाया गया। कार आग लगने के बाद ढांचे में तब्दील हो गई। पुलिस की तरफ से कार के ढांचे को सड़क से हटाया गया। जिसके बाद यातायात सुचारू रूप से चल पाया।

मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली नंबर की होंडा अमेज कार पानीपत से दिल्ली की ओर जा रही थी। जैसे ही यह कार राई थाना के सामने फ्लाईओवर पर पहुंची, तभी आगे चल रहे एक ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। कार ट्रक से टकरा गई और टक्कर के साथ ही कार में आग लग गई। कार में आग लगते ही ड्राइवर ने बिना समय गंवाए तुरंत गाड़ी से कूदकर जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कुछ ही सेकेंडों में आग ने गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया और देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल था, लेकिन लोगों ने मौके पर ट्रैफिक को कंट्रोल करने में भी मदद की। इस दौरान हाईवे पर लंबा जाम भी लग गया। दिल्ली की तरफ जाने वाले वाहनों की एक लंबी कतार फ्लाईओवर पर देखने को मिली। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। हालांकि तब तक कार का बड़ा हिस्सा जल चुका था। बावजूद इसके, दमकल कर्मियों ने समय रहते आग को फैलने से रोक दिया।



**सोनीपत।** कार में लगी आग व उठता धुआं।

### रास्ते से कार हटाई

सड़क मार्ग पर कार में आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल विभाग कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया। कुछ देर तक यातायात बाधित हुआ, लेकिन वाहनों को फ्लाईओवर के सर्विस रोड से गुजारा गया। क्षतिग्रस्त कार को सड़क मार्ग से हटा दिया गया है। जिसके बाद सड़क मार्ग पर यातायात को सुचारू रूप से चालू करवा दिया गया।

*-कुलदीप, प्रभारी राई थाना।*

# शाहरुख ने दिखाया सुपर स्टारडम तो कियारा ने किया मदरहुड को सलाम

*लॉस एंजिल्स। दुनिया के सबसे बड़े फैशन शो या फैशन समारोह मेट गाला का आयोजन हो चुका है। हर साल की तरह इस बार भी न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में मई के पहले सोमवार को मेट गाला का आयोजन किया गया। जो भारतीय समयानुसार 6 मई को सुबह 3:30 बजे शुरू हुआ। इस समारोह में बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान से लेकर कियारा आडवाणी, प्रियंका चोपड़ा और दिलजीत दोसांझ सरीखे स्टार्स ने रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरा। शाहरुख ने जहां अपने स्टारडम से सबका ध्यान खींचा तो वहीं कियारा का टू बी मॉम लुक लोगों को पसंद आया और दिलजीत के महाराजा लुक ने लोगों का दिल ही जीत लिया।*



## हीरा जड़ी हुई है शाहरुख की बंगाल टाइगर हेड वाली छड़ी

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ने इस बार मेट गाला पर अपना शानदार डेब्यू किया। अपने इस बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए किंग खान ने भारत के मशहूर डिजाइनर सब्यसाची के आउटफिट को चुना। शाहरुख ने ब्लैक आउटफिट के साथ चमकदार गोल्डन कलर की ज्वेलरी भी पहनी, जिसमें वो किसी सुपरस्टार से कम नहीं नजर आए। 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल'थीम के मुताबिक, शाहरुख ने कई गोल्डन नेकलेस के साथ एक स्टाइलिश ब्लैक कलर का सूट पहना था। दो सबसे प्रमुख नेकलेस में से एक में उनके शुरुआती अक्षर '**SRK**' और दूसरे में '**K**' अक्षर है। शाहरुख के आउटफिट के बारे में बताते हुए डिजाइनर सब्यसाची का कहना है कि ये आउटफिट वैश्विक मंच पर उनके स्टारडम को दिखाता है। एक्टर ने अपने बाएं हाथ में चार खूबसूरत अंगूठियां और एक शानदार घड़ी भी पहनी थी। उन्होंने इस क्लासी लुक को और स्टाइलिश बनाने के लिए ब्लैक चश्मा और एक स्टेटमेंट ब्रोच को भी अपने साथ जोड़ा।

## कियारा के लुक ने बिखेरा जलवा

कियारा आडवाणी ने बेबी बंप के साथ मेट गाला में अपना डेब्यू किया। अपने इस डेब्यू के लिए कियारा ने भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता के कस्टम कॉउचर आउटफिट को चुना। ब्रेवहार्ट्स नाम की उनकी ड्रेस फेमिनिटी, ट्रांसफॉर्मेशन और वंश को ट्रिब्यूट थी। स्कल्पचरल से तैयार इस इस गाउन में घुंघरू और क्रिस्टल से सजी एक प्राचीन सोने की ब्रेस्टप्लेट थी। मदर हार्ट और बेबी हार्ट को दर्शाती एक चेन कियारा ने पहनी थी जो उनके बेबी बंप पर टच कर रही थी। जो उनकी प्रेगनेंसी और जल्द ही मां बनने की भावना को दर्शाती है।

## महाराजा लुक में नजर आए दिलजीत

सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ ने इस बार मेट गाला में अपना शानदार आगाज किया। अक्सर अपने फैशन से लोगों का ध्यान खींचने वाले दिलजीत के मेट गाला में महाराजा लुक ने भी सभी का दिल जीत लिया। दिलजीत ने प्रबल गुरुंग द्वारा डिजाइन की गई व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी। पंजाबी राजघराने की झलक दिखाते दिलजीत के आउटफिट में एक कुर्ता और एक लंबा अंगरखा और ड्रेप्ड बॉटम के साथ पगड़ी शामिल थी। भारी एसेसिरीज व ज्वेलरी और तलवार के साथ दिलजीत ने अपने महाराजा लुक को कम्पलीट किया। दिलजीत को देखते ही उनके फैंस बोले 'ओये पंजाबी आ गए ओए'

## प्रियंका ने दिखाई क्लासिक हॉलीवुड की झलक

ग्लोबल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा ने इस बार मेट गाला में एक टेलर्ड पोल्का डॉट सूट ड्रेस में अपना जलवा बिखेरा। इसे बाल्मेन के ओलिवियर रूस्टिंग द्वारा बनाया गया था। इस लुक में क्लासिक हॉलीवुड की झलक देखने को मिली, जिसमें शार्प सिल्हूट और स्टाइल को दिखाया गया। प्रियंका की यह ड्रेस ब्लैक सार्टोरियल पहचान और ब्लैक डैंडी की ऐतिहासिक खोज पर आधारित थी। प्रियंका की ड्रेस को को शानदार इतालवी घराने बव्लगारी की शानदार ज्वेलरी से सजाया गया था।

## ईशा अंबानी ने भी बिखेरा अपना जलवा

रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड की डायरेक्टर ईशा अंबानी भी मेट गाला में पहुंचीं। वह डिजाइनर अनामिका खन्ना द्वारा डिजाइन की गई ड्रेस में कारपेट पर उतरीं। व्हाइट जियोमेट्रिक कोर्सेट, काले रंग की पैंट और सफेद केप पहने ईशा ने मेट गाला में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। उनकी ड्रेस ब्लैक डैंडी स्टाइल से प्रेरित थी। अपने डिजाइन को कीमती स्टोन्स और पारंपरिक मोती के काम से और अधिक आकर्षक बनाया। ग्लैमर के लिए ईशा ने ओसदार मेकअप चुना और अपने बालों को लंबी चोटी में बांधा।

# रॉक एंड रोल सूट में जेंडया और टेलर्ड फॉर यू में दिखीं स्टाइलिश

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया का सबसे बड़ा फैशन इवेंट मेट गाला 4 मई को शुरू हुआ, जिसमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के कई ग्लोबल स्टार्स ने हिस्सा लिया। इस फैशन इवेंट में कई हस्तियों ने अपने बोल्ड एंड हॉट लुक से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

***सिडनी स्वीनी :*** अमेरिकी अभिनेत्री सिडनी स्वीनी काले रंग की शाइनिंग ड्रेस में मेट गाला 2025 फैशन इवेंट में पहुंचीं। उन्होंने मीयू-मूयी ब्लैक शाइनिंग गाउन के साथ प्लंजिंग कीहोल नेकलाइन कैरी किया, जिस पर गोल्ड रोसेट डिटेल और बीडेड फ्रिंज शोल्डर एक्सेंट लगे हुए हैं। उन्होंने स्लीक्ड-बैक अपडू के साथ पुराने हॉलीवुड लुक को पूरा किया।

***गिगी हदीद :*** गिगी हदीद ने फैशन की सबसे बड़ी रात के लिए मिउ मिउ का एक गोल्डन फिट गाउन पहना, जो जोसेफिन बेकर का संदर्भ देता है। गिगी हदीद किसी बड़ी फिल्म में अभिनय करने वाली पहली गोरी अभिनेत्री हैं।

***जेंडया :*** अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका जेंडया ने इस बार मेट गाला 2025 में लॉ रोच द्वारा स्टाइल किए गया सफेद रंग का कस्टम लुई वुइटन सूट और मैचिंग हैट पहना। उनका लुक हर बार की तरह इस बार भी अनोखा और स्टाइलिश दिखा। फैरेल विलियम्स द्वारा डिजाइन किया गया यह सफेद रंग का लुक जूट सूट के रॉक एंड रोल इतिहास को श्रद्धांजलि देता है- जो ब्लैक डैंडीज्म की आधारशिला है।



जेंडाया ने ब्रेस्टेड टक्सेडो, वास्कट, सिल्क शर्ट-और-टाई, और फ्लेयर्ड ट्राउजर से अपने लुक को इनहैंस किया।

***रिहाना ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप :*** मेट गाला में रिहाना के स्टाइलिश लुक के साथ प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज रहा। रिहाना ने रेड कार्पेट पर ग्रे ब्लैक टू-पीस आउटफिट में शानदार एंट्री की। इस लुक में सिंगर का बेबी बंप भी साफ दिखाई दिया। रिहाना ने मेट गाला के लिए 'टेलर्ड फॉर यू' ड्रेस कोड कैरी किया। अपने लुक को सिंगर ने एक टॉप हैट, पोल्का डॉट नेकटाई, पॉकेट स्क्वायर, डायमंड ब्रोच और टू-टोन हील्स के साथ पूरा किया। इस लुक में रिहाना बहुत ही स्टाइलिश दिखीं। वहीं एक्ट्रेस के बेबी बंप से उनकी खूबसूरती और भी ज्यादा बढ़ गई।

***दुआ लिपा और सबरीना कारपेंटर :*** दुआ लिपा ने 2025 मेट गाला के रेड कार्पेट पर एक काले रंग की चैनल ड्रेस पहनी, जबकि सबरीना कारपेंटर एक कस्टम बरगंडी लुइस वुइटन टक्सिडो-प्रेरित बॉडीसूट में पहुंचीं।

***लिसा*** *: ब्लैकपिंक स्टार लिसा ने लुई वुइटन में अपना डेब्यू किया। उन्होंने इस दौरान ब्लैक शाइनिंग मोनोकिनी स्टाइल ड्रेस पहनी और अपने शानदार पोज से दर्शकों का दिल जीता।*

***हंटर शेफर, एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर - सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस*** *: व्हाइट लोटस सितारों ने 2025 के मेट गाला के रेड कार्पेट पर स्टाइलिश लुक से हर किसी का दिल जीत लिया। हंटर शेफर से लेकर एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर, सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस ने अपने लुक से फैशन की सबसे बड़ी रात में अपने अनोखे स्टाइल पेश किया।*

***हैली बीबर और केंडल जेनर*** *: हैली बीबर और केंडल जेनर ने 2025 मेट गाला रेड कार्पेट पर शार्प, टेलर्ड लुक पेश किया। हैली ने सेंट लॉरेंट ब्लेजर ड्रेस पहनी, जिसे टिफनी एंड कंपनी के ज्वेल्स और प्लेटफॉर्म हील्स के साथ पेयर किया। वहीं केंडल ने इस साल की रेड कार्पेट थीम, "टेलर्ड फॉर यू" के अनुरूप, टोरीशेजू का ग्रे स्कर्ट सूट चुना और डायमंड नेकलेस के साथ लुक को पूरा किया।*

***किम कार्दशियन*** *: मेट गाला 2025 में किम कार्दशियन ने स्टाइलिश बॉडीकॉन फिश कट ब्लैक लेदर ड्रेस के साथ ब्लैक हैट कैरी की। इसके साथ किम ने डायमंड ज्वैरी से अपने लुक को इंहैंस किया। उनका लुक किसी डिटेक्टिव जैसा दिखा।*



# 'बेसोस' गाने से धमाल मचाने को तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन की नई म्यूजिक वीडियो 'बेसोस'का टीजर 6 मई को रिलीज हो गया। इसने फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ा दी है। इस टीजर में जैकलीन अपनी शानदार डांस मूव्स से स्क्रीन पर आग लगाती नजर आ रही हैं, जबकि शिखर धवन अपने स्टाइलिश लुक से सुर्खियां बटोर रहे हैं। गाने को मशहूर गायिका श्रेया घोषाल और इंटरनेशनल आर्टिस्ट कार्ल वाइन ने अपनी आवाज दी है। फैंस इस अनोखी जोड़ी की केमिस्ट्री देखने के लिए बेसब्र हैं। पूरा गाना 8 मई को सुबह 11 बजे प्ले डीएमएफ के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। 'बेसोस'का टीजर रंगीन और जोशीले वाइब्स से भरपूर है। टीजर में जैकलीन की एनर्जेटिक डांस मूव्स और शिखर का कूल अवतार फैंस का ध्यान खींच रहा है।



# 'टाइगर' की नई शॉर्ट फिल्म का टीजर जारी


**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ अपनी नई फिल्म जहां'को लेकर चर्चा में है। 2024 की सिंघम अगेन के बाद वह इस शॉर्ट फिल्म में दिखाई देंगे, जो एक्शन से भरी हुई है। राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस फिल्म को रेमो डिसूजा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म का टीजर जारी कर दिया गया है। टाइगर ने फिल्म का टीजर रिलीज करते हुए कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी अंत ही नई शुरुआत होती है। मेरे भाई राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस शॉर्ट फिल्म का हिस्सा बन कर मैं बहुत खुश हूं, जिसमें पावरफुल मेसेज दिया गया है।' प्रोड्यूसर रेमो डिसूजा ने इस फिल्म को आरडी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड आरएस स्टूडियो के तहत बनाया है। फिल्म का टीजर बहुत ही जबरदस्त और एक्शन से भरा है। फिल्म की टीजर की शुरुआत में टाइगर पानी का ग्लास लेने के लिए हाथ आगे बढ़ाते है।

# अनिल ने मां निर्मल कपूर के देहांत के बाद की भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का शुक्रवार 2 मई को शाम को मुंबई के एक निजी अस्पताल में वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों की वजह निधन हो गया। मंगलवार को अनिल ने सोशल मीडिया पर अपनी मां निर्मल की पांच ब्लैक एंड व्हाइट और कलर्ड तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक इमोशनल नोट भी शेयर किया।

***अनिल ने शेयर कीं पांच अनदेखी तस्वीरें :*** अनिल ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर अपनी मां की कई पुरानी और नई तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर निर्मल की पेंटिंग है, दूसरी तस्वीर में निर्मल ब्लैक साड़ी में बेहद खूबरत दिखाई दे रही हैं, तीसरी तस्वीर में एक फोटो फ्रेम के अंदर निर्मल की तस्वीर दिखाई दे रही है। वहीं चोथी तस्वीर में निर्मल की गोद में एक छोटा बच्चा बैठा दिखाई दे रहा है, यकीन से नहीं कह सकते लेकिन हो सकता है कि यह अनिल ही हों और पांचवी तस्वीर में निर्मल अपने पूरे परिवार के साथ दो केक के सामने बैठी नजर आ रही हैं। शायद किसी का जन्मदिन रहा होगा।

***पोस्ट के जरिए दी मां को श्रद्धांजलि :*** अनिल कपूर ने लिखा, जीवन के हर क्षेत्र से मिल रहा प्यार अभिभूत करने वाला है। मेरे पास वास्तव में यह बताने के लिए शब्द नहीं हैं कि हम उनके कितने आभारी हैं। मेरी मां ने न केवल सीधे तौर पर बल्कि उन लोगों के माध्यम से भी बहुत से लोगों के जीवन को छुआ है, जिनका उन्होंने पालन-पोषण किया, उनका समर्थन किया और उन्हें प्यार किया। वह उन उल्लेखनीय महिलाओं में से एक थीं जो कभी भी सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन जिनकी ताकत ने सभी को एक साथ बांधे रखा। एक खामोश स्तंभ, हमेशा मुस्कुराती हुई, हमेशा परवाह करने वाली, हमेशा अपने आस-पास के लोगों को गर्मजोशी से भर देने वाली।'





### सभी के करीब थीं निर्मल कपूर

अनिल ने आगे लिखा, 'वह वह गोंद थी जिसने हमारे परिवार को हमारे बच्चों से लेकर हमारे पोते-पोतियों और यहां तक कि हमारे विस्तारित परिवार और दोस्तों तक के करीब रखा। उनका प्यार दूर-दूर तक फैला हुआ था और संदेशों और स्नेह की बाढ़ से यह स्पष्ट है कि उन्होंने इतने सारे दिलों पर एक स्थायी प्रभाव डाला।' अनिल ने आगे लिखा, 'आप सभी को, विशेष रूप से फिल्म बिरादरी से, आपके दयालु शब्दों, प्रार्थनाओं और प्यार के लिए हार्दिक धन्यवाद। हम वास्तव में विनम्र और आभारी हैं।'

## टीवी मसाला



# इन हिंदी टीवी सीरियल की कहानी की गई कॉपी ...


**नई दिल्ली।** हाल ही में 'गुम है किसी के प्यार में' सीरियल का एक प्रोमो वीडियो सामने आया। इस प्रोमो को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा है कि इसकी कहानी जेनिफर विंगेट और हर्षद चोपड़ा के सीरियल 'बेपनाह' से कॉपी की गई है। यह पहली बार नहीं है कि किसी हिंदी टीवी सीरियल की कहानी कॉपी की गई हो, पहले भी ऐसा हो चुका है। कई हिट सीरियल तक कॉपी किए गए हैं। सीरियल 'बढ़ो बहू(2016)' एक रोमांटिक ड्रामा सीरियल था। यह सीरियल टीवी पर आया तो इसकी तुलना हिंदी फिल्म 'दम लगा के हइशा(2015)' से हुई। दोनों की कहानी एक मोटी लड़की के ईद-गिर्द घूमती है। सीरियल 'बढ़ो बहू' में लीड रोल में रिताशा राठौर थीं, वहीं हीरो का रोल प्रिंस नरुला ने किया था। साल 2003 में टीवी सीरियल 'जस्सी जैसी कोई नहीं' खूब पॉपुलर हुआ, इसमें मोना सिंह ने लीड रोल निभाया था। यह सीरियल भी कोलंबियन सीरियल 'यो सोय बेट्टी, ला फी' की थीम पर बना था, बस इसे भारतीय दर्शकों के हिसाब से तैयार किया गया था। साल 1993 में कॉमिक सीरियल 'जबान संभाले के'ने दर्शकों को खूब हंसाया, इसमें पंकज कपूर के अलावा कई चर्चित कलाकार नजर आए। यह सीरियल भी ब्रिटिश सिटकॉम 'मांइड योर लैंग्वेज'का इंडियन वर्जन था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी (2010)' को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था, इस सीरियल में विवियन डिसेना ने एक वैंपायर का रोल किया था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी'की स्टोरी हॉलीवुड सीरियल 'द वैंपायर डायरी'और फिल्म सीरीज 'ट्वाइलाइट' से ली गई थी। साल 2003 में एक हिंदी सीरियल 'करिश्मा'का करिश्मा'रिलीज हुआ।

# पर्दे पर करनी पड़ी अपनी ही 'आपा' के साथ जबरदस्ती

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के दमदार विलेन रजा मुराद ने अपने करियर में ज्यादातर विलेन के रोल निभाए हैं। उनकी आवाज तो इतनी दमदार थी कि उससे लोग कांप जाते थे। दिग्गज एक्टर ने फिल्मों में अपनी खलनायकी से हमेशा सबका दिल जीता। अब तक वह 200 से ज्यादा फिल्मों में नजर आ चुके हैं। राज कपूर की एक फिल्म में तो उन्होंने दर्शकों का दिल ही जीत लिया था। बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस जीनत अमान के साथ भी उन्होंने काम किया है। एक फिल्म में तो उन्हें एक्ट्रेस के साथ रेप सीन शूट करना था। लेकिन, उन्होंने जीनत संग ये सीन करने से साफ इनकार कर दिया था।*

*बॉलीवुड में जीनत अमान वो एक्ट्रेस थी, जिनके साथ काम करने से कभी किसी ने मना नहीं किया था। चाहे वह हीरो हो या विलेन, हर कोई उनके साथ काम करने को तरसा करता था। रजा मुराद इकलौते वो एक्टर थे, जिन्होंने जीनत के साथ एक सीन करने से इनकार कर दिया था। दरअसल, इसके पीछे एक बड़ी वजह थी। दोनों ने साल साल 1987 में आई फिल्म डाकू हसीना में एक साथ काम किया था।*

*इसी फिल्म में दोनों को दोनों ही डाकू के किरदार में थे और स्क्रिप्ट के मुताबिक रजा को जीनत के साथ रेप सीन शूट करना था। रजा ने जैसे ही सुना कि ये सीन करना है, उन्होंने साफ इनकार कर दिया। वह उन्हें छूने के लिए तैयार नहीं थे। इसकी बड़ी वजह ये थी कि असल जिदंगी में जीनत अमान उनकी कजिन बहन थीं। जीनत और रजा मुराद चचेरे भाई-बहन थे।*



### ज्यादातर नेगेटिव रोल ही हैं निभाए

*रजा मुराद ने अपने कॅरियर में ज्यादातर नेगेटिव रोल ही निभाए हैं। साल 1982 में आई राज कपूर की फिल्म प्रेम रोग में उन्होंने पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ का किरदार निभाया था। इस फिल्म में भी उन्होंने रेप सीन शूट किया था। फिल्म में वह पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ और तनुजा के पति के रोल में नजर आए थे। फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट हुई थी। रजा मुराद के रोल की भी सभी ने दिल खोलकर तारीफ की थी। इस फिल्म में उन्होंने एक ऐसे दरिंदे का रोल निभाया था, जो अपने ही भाई की पत्नी का रेप करता है।*

# अमेरिकी टैरिफ से भारतीय सिनेमा पर क्या होगा असर? दिग्गज फिल्मकारों ने दी प्रतिक्रिया

*नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में विदेशों में बनी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की बात कही थी। इस फैसले ने विश्व सिनेमा, खासकर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।*

### फिल्मों का प्रवाह होगा कम : महेश भट्ट

फिल्म निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट का कहना है कि यह फैसला अपेक्षित था, लेकिन अब इसके असर को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'यह तो होना ही था, लेकिन सवाल यह है कि इसका असर कितना गहरा होगा? क्या यह स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर भी लागू होगा? अमेरिका में तेलुगु फिल्मों की काफी मांग है। इस टैरिफ से हर कोई प्रभावित होगा। पहले जहां डिस्ट्रीब्यूटर्स 100 रुपए खर्च करते थे, अब उन्हें 200 रुपए देने पड़ेंगे। जाहिर है, इससे फिल्मों का प्रवाह कम होगा।"

### विक्रम भट्ट ने टैरिफ पर उठाए सवाल

वहीं, फिल्म निर्माता और निर्देशक विक्रम भट्ट का मानना है कि भारतीय सिनेमा पर इस टैरिफ का असर सीमित होगा। उन्होंने कहा, 'हमारी अधिकांश फिल्में अमेरिका और ब्रिटेन जैसे बाजारों में नहीं जातीं। केवल बड़ी बजट की फिल्में ही वहां पहुंचती हैं। मध्यम और छोटे बजट की फिल्मों का विदेशी बाजार पहले से ही सीमित है। अब इस टैरिफ के बाद शायद केवल मेगा-बजट फिल्में ही वहां प्रदर्शित हो पाएंगी, क्योंकि वहां प्रदर्शन की लागत बहुत ज्यादा है। वैसे भी हमारी फिल्में अमेरिका में शूट नहीं होतीं तो हमारी फिल्मों पर टैरिफ लगाने का क्या मतलब?"




### विवेक अग्निहोत्री ने की आलोचना

इस मुद्दे पर फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने भी अपनी राय रखी है। उन्होंने सोमवार को उन्होंने एक्स पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह भारत की फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहद खतरनाक है। विवेक ने कहा, "ट्रंप द्वारा फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाना एक विनाशकारी कदम है। अगर यह बेतुकापन जारी रहा तो भारत का संघर्षरत फिल्म उद्योग पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगा और इसे बचाने वाला कोई नहीं होगा। विवेके ने आगे कहा, भारतीय फिल्म लीडर्स को जागना और एकजुट होना चाहिए और पैपराजी और आत्म-प्रशंसा के पीछे भागने के बजाय इस खतरे से लड़ना चाहिए।

# 'लाफ्टर शेफ 2' पहुंचे तो ट्रोल हुए अभिनव अरोड़ा

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन भारती सिंह कलर्स चैनल पर एक शो 'लाफ्टर शेफ 2' को होस्ट करती हैं, इनके साथ शेफ हरपाल भी नजर आते हैं। शो में कृष्णा अभिषेक, करण कुंद्रा, एल्विश यादव, अंकिता लोखंडे, विक्की जैने, रुबीना दिलैक जैसे टीवी सेलिब्रिटी नजर आते हैं। यहां एक तरफ तो कुकिंग टास्क पूरे करते हैं, वहीं शो में हंसी का माहौल भी खूब बनता है। हाल ही में इस शो के एक एपिसोड का प्रोमो कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया गया। प्रोमो में बतौर मेहमान अभिनव अरोड़ा नजर आ रहे हैं, इस बच्चे को देखकर फैंस नाराज हो गए। इसके बाद अभिनव की ट्ररोलिंग शुरू कर दी। इस लड़के को कथित बाल संत के नाम से सोशल मीडिया पर जाना जाता है। सोशल मीडिया पर इस लड़के की हरकतें देखकर कुछ यूजर्स अक्सर नाराज हो जाते हैं।



## खबर संक्षेप


विजेता खिलाड़ियों के साथ अतिथिगण एवं संघ के पदाधिकारी।

### चैस प्रतियोगिता में 369 खिलाड़ियों ने भाग लिया

**सोनीपत।** जिला शतरंज संघ द्वारा हरियाणा चैस एसोसिएशन के तत्वाधान में एसआरएम यूनिवर्सिटी सोनीपत में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से 369 खिलाड़ियों ने भाग लिया। उपरोक्त वर्गों में लड़कों और लड़कियों के वर्गों में अलग अलग प्रतियोगिता हुई और नेशनल में हरियाणा की और से खेलने के लिए खिलाड़ियों का चयन हुआ। उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि मेयर राजीव जैन, विशिष्ट अतिथि ओलिंपिक मेडल विजेता योगेश्वर दत्त, जिला शतरंज संघ के प्रधान दयानंद सिंधू, ऑर्गनाइजिंग कमेटी से अजय गोयल, जितेन्द्र अग्रवाल, देवेंद्र पाराशर, सन्नी जैन, मनोज वर्मा, अनिल यादव, राजीव वर्मा, ऑब्जर्वर उमेद शर्मा, स्वप्निल गोयल आदि मौजूद रहे।

### नपा पर उदासीनता बरतने का आरोप लगाया

**खरखौदा।** सांपला मार्ग पर स्थित दुकानदारों ने बीते सप्ताह एक शिकायत नगरपालिका को दी थी, जिस पर कार्रवाई न किए जाने का आरोप लगाते हुए दुकानदारों ने नपा के खिलाफ रोष जताया है। दुकानदारों का कहना है कि नगरपालिका की तरफ से जान बुझकर उनकी शिकायत का संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। ऐसे में अब वह मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों को करेंगे। दुकानदार सतपाल का कहना है कि उनकी दुकानों के पास ही एक व्यक्ति ने चाप व फास्ट फूड की दुकान खोली है। जिसके द्वारा अपनी दुकान के बाहर तंदूर रखकर उसे जलाया जाता है।

### फैक्टरी से लाखों रुपये की राशि व लैपटॉप चोरी

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र में झुंडपुर स्थित औद्योगिक क्षेत्र की फैक्टरी से लाखों रुपये की नकदी सहित हजारों रुपये कीमत की मूर्तियां व लैपटॉप के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। फैक्टरी संचालक ने इस संबंध में पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

### परीक्षाओं को लेकर लागू की धारा 163

**सोनीपत।** जिलाधीश डॉ. मनोज कुमार ने महर्षि दयानंद विवि (एमडीयू), रोहतक द्वारा 09 मई से 13 जून तक जिले में आयोजित की जाने वाली स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं के सुचारु, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन के उद्देश्य से परीक्षा केंद्रों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। ये आदेश परीक्षा अवधि के दौरान, प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा अपराह्न 2:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक प्रभावी रहेंगे।

## प्रशासन से सीवर लाइन दबाने का कार्य शीघ्र करवाने की गुहार लगाई

# गढ़ी झंझारा रोड पर सीवर लाइन दबाने का काम धीमी गति से होने से आमजन परेशान

### मुख्य मार्ग होने के कारण प्रतिदिन काफी संख्या में लोगों का आना-जाना रहता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

शहर के गढ़ी झंझारा रोड पर सीवर की पाइप लाइन दबाने का काम धीमी गति से होने के कारण आवागमन करने में स्थानीय लोगों के अलावा वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसका कारण है कि मुख्य मार्ग होने के कारण प्रतिदिन काफी संख्या में लोगों का आना-जाना रहता है। इसी मार्ग पर शहर की डीएवी स्कूल के अलावा, बिजली कार्यालय, गोशाला व चुलकाना में बाबा श्याम के मंदिर में जाने के लिए यही सड़क मार्ग है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सीवर लाईन दबाने का कार्य शीघ्र करवाया जाए ताकि लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहन चालक सुरेन्द्र, सतबीर, महेन्द्र, सुरेन्द्र, विकास, सतबीर, नरेश ने बताया कि नगरपालिका द्वारा गढ़ी झंझारा रोड पर गंदे पानी की निकासी के लिए सीवर लाईन दबाने का काम करवाया जा रहा है। लेकिन यह काम कई महीने से चल रहा है। जिस कारण आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि इस दौरान ठेकेदार द्वारा सड़क मार्ग को बिल्कुल ही बंद कर दिया जाता है। जिससे लोगों की परेशानी और बढ़Þ जाती है।

उन्होंने बताया कि सीवर लाईन दबाने का कार्य उनके लिए बेहद ही परेशानी का कारण बना हुआ है। उन्होंने बताया कि स्कूल के वाहनों को भी दूसरे रास्तों से होकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज के पास भी कई दिन से सीवर लाईन का सड़क क्रासिंग के काम को उखाड़कर रास्ते को बंद करके छोड़ दिया है। ऐसे में लोग नगरपालिका अधिकारियों को कोस रहे है कि इस तरफ नगरपालिका के अधिकारियों का कोई ध्यान नही है, सीवर लाईन के काम करने के दौरान वे मौका निरीक्षण नही करते, जिस कारण ठेकेदार की कार्य करवाने के दौरान मनमानी चल रही है।


गन्नौर। गढ़ी झंझारा रोड पर सीवर दबाने के काम के दौरान कई दिन से बंद पड़ा रास्ता। फोटो :हरिभूमि

#### अगर रास्ता बंद है तो समाधान करवाएंगे : जेई

*नगरपालिका के जेई अरविन्द ने बताया कि कल तो सीवर लाईन दबाने के काम के चलते वहा जेसीबी चली है। अगर रास्ता बंद पड़ा है तो वे अभी बात करते है। उसके बाद कोई जवाब नही मिला।*

#### कार्य के दौरान नही होनी चाहिए परेशानी : एसडीएम

*एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि ऐसी उनके पास कोई शिकायत नही आई है। इसके बाद भी सीवर लाईन दबाने के दौरान आम जनता को परेशानी हो रही है तो वे नगरपालिका अधिकारियों से जांच करवाकर लापरवाही मिलने पर कार्रवाई करेंगे।*

### तेज धूप में चश्मा जरूर लगाएं: डॉ. मंजीत

- रविदास चौपाल में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित
- रोजाना कम से कम छह-सात लीटर स्वच्छ पानी पीना चाहिए।

**गोहाना।** उपमंडल नागरिक अस्पताल द्वारा मंगलवार को शहर में गांधी नगर की रविदास चौपाल में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक चला, जिसमें 102 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। अस्पताल से टीम डॉ. चक्रवर्ती शर्मा के नेतृत्व में पहुंची। शिविर में ज्यादा लोग डिहाइड्रेशन से बीमार पहुंचे। डॉ. चक्रवर्ती शर्मा ने लोगों से कहा कि गर्मी में कम पानी पीने से डिहाइड्रेशन की समस्या बढ़ती है। रोजाना कम से कम छह-सात लीटर स्वच्छ पानी पीना चाहिए। उल्टी व दस्त होने पर तुरंत चिकित्सक के पास जाकर उपचार कराएं। डा. मंजीत ने नेत्र रोगियों की जांच की। उन्होंने कहा कि तेज धूप में चश्मा जरूर लगाएं और छाता साथ लेकर जाएं। फार्मेसी अधिकारी सुधीर, लैब तकनीशियन मुकेश, स्टाफ नर्स मिथिलेश, नरेंद्र सरोहा मौजूद रहे।

## छात्र अधिकारों के प्रति सजग रहें : डॉ. तराना

- उपभोक्ताओं के कानूनी अधिकार विषय पर ज्ञानवर्धक वीडियो दिखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

शहिद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में मंगलवार को कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ तथा अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विद्यार्थियों को उपभोक्ताओं के कानूनी अधिकार विषय पर एक ज्ञानवर्धक वीडियो दिखाई गई। उपभोक्ता बाजार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि उसकी मांग व्यावसायिक गतिविधि को संचालित करती है, वे व्यवसायों द्वारा उत्पादित उत्पादों और उनके विपणन के तरीके को प्रभावित करते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने उपभोक्ता के रूप में अपने अधिकारों को जाना तथा साथ ही यह भी सीखा कि किस प्रकार वे सही वस्तुओं का चुनाव कर सकते हैं तथा बाजार में स्वयं को धोखाधड़ी और शोषण से बचा सकते हैं। प्राचार्या डॉ. तराना नेगी ने विद्यार्थियों को अपने संदेश में कहा कि उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग होना चाहिए तथा अपने रोजमर्रा के जीवन में एक उपभोक्ता के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग करना चाहिए। संचालन अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका सुमन रानी एवं राजनीति विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका नीरा के द्वारा किया गया।


खरखौदा। उपभोक्ता के कानूनी अधिकार पर वीडियो देखते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## संघर्ष समिति ने विभिन्न गांवों में चलाया जनसम्पर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

खरखौदा संघर्ष कमेटी ने रोहणा, तुर्कपुर, सिलाना, सिसाना आदि गांवों में जनसंपर्क किया। जिसमें खरखौदा क्षेत्र को गोहाना जिले में शामिल करने की सरकार की नियत के खिलाफ़ जनचेतना अभियान चलाया। इस अवसर पर संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने जनता से आंदोलन को तेज करने की अपील की एवं हर गांव में आंदोलन की कमेटी का गठन किया। साथ ही तय हुआ कि जब तक सरकार आधिकारिक तौर पर स्पष्टीकरण नहीं देती आंदोलन जारी रहेगा। इस बात पर आम सहमति थी कि किसी भी सूरत में जनभावना की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हंसराज राणा फिरोजपुर, नरेन्द्र ठेकदार सेहरी, रामदिया गोपालपुर, बिजेंद्र रोहणा, सुरेश जटौला, जोरावर बरोना, राकेश सिसाना, सुमेर खरखौदा, प्रवीण आदि मौजूद रहे।


खरखौदा। अभियान को तेज करने पर विचार करते संघर्ष समिति सदस्य।

## हैप्पी और पार्थ दहिया बने मिस्टर फेयरवेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

छोटू राम आर्य महाविद्यालय, सोनीपत के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियर विद्यार्थियों को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से एक यादगार विदाई दी। एमए राजनीति विज्ञान और बीए ऑनर्स राजनीति विज्ञान के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के सम्मान में दीप प्रज्वलन से हुई। प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान उप-प्राचार्य डॉ. जेएस फोर और राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सतपाल रवीश ने भी विद्यार्थियों को मेहनत और समर्पण के साथ सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। एमए राजनीति विज्ञान से हैप्पी व रीना को मिस्टर व मिस फेयरवेल व बीए ऑनर्स से पार्थ दहिया व सम्मी को मिस्टर व मिस फेयरवेल घोषित किया गया।


कार्यक्रम के दौरान विभिन्न उपाधियों से सम्मानित विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य एवं अन्य।

## अधिकारियों ने किया कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन

### आज भी कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को नई सब्जी मंडी में कृषि यंत्रों का पुनः भौतिक सत्यापन किया गया। विभाग द्वारा 7 मई को भी कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। उप कृषि निदेशक डॉ. पवन शर्मा के अनुसार फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम 2024-25 के तहत 70 प्रतिशत अनुदान के लिए जिन कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन 30 नवंबर 2024 को हो गया था और जिनकी अनुदान राशि 1 लाख से ज्यादा है उन कृषि यंत्रो का 30 प्रतिशत अनुदान राशि के लिए पुनः भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। बेलिंग मशीन, हे-रेक व स्ट्रॉ रेक मशीन का भौतिक सत्यापन बुधवार को किया गया जबकि सुपर सीडर मशीन का भौतिक सत्यापन 7 मई को किया जाएगा। कृषि यंत्रों के भौतिक सत्यापन के लिए जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा किया जा रहा है। भौतिक सत्यापन की पूर्ण प्रक्रिया विभागीय मोबाइल एप्प के माध्यम से पूर्ण की जा रही है। भौतिक सत्यापन उपरान्त अनुदान राशि किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से डाली जाएगी।


कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन करते एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा व अन्य अधिकारी।

### जीआरपी और आरपीएफ ने सर्च अभियान चलाया

**गोहाना।** रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ ने सर्च अभियान चलाया। स्टेशन पर आए यात्रियों के सामान की जांच की गई। इसके साथ में ट्रेनों में सफर कर रहे लोगों से पूछताछ करने के साथ सामान की भी जांच की गई। अधिकारियों के अनुसार अभियान लगातार चलेगा। जम्मू कश्मीर में पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के मद्देनजर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ाई गई है। जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने सोमवार को पूरे रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। जीआरपी के चौकी प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बढ़ाई गई है।

## बाबा कृष्ण नाथ कर रहे कठोर पंचधूनी तपस्या

- जगभलाई की कामना : गांव धनाना स्थित बाबा कालू नाथ की कुटिया में कर रहे 41 दिन का तप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

गांव धनाना स्थित बाबा कालू नाथ की कुटिया में 20 वर्षीय बाबा कृष्ण नाथ तपती गर्मी में कठोर अग्नि तपस्या कर रहे हैं। जगभलाई की कामना के साथ वह अग्नि के 5 धूनों के बीच 41 दिन तक तप करेंगे। जिला सोनीपत के गांव धनाना में बाबा कालू नाथ की एक पुरानी कुटिया है। बाबा कृष्ण नाथ इस कुटिया के महंत हैं। इसी वर्ष सर्दी के मौसम में उन्होंने जलधारा की थी और अब गर्मी के मौसम में पंचधूनी अग्नि तपस्या कर रहे हैं। बैसाख महीने की पंचमी के दिन से उन्होंने तपस्या शुरू की थी और ज्येष्ठ महीने की 11 जून को तप पूर्ण होगा। इसी दिन कुटिया में देसी घी का भंडारा लगेगा जिसमें दूर-दराज से संत-महात्मा प्रसाद ग्रहण करने पहुंचेंगे। इस अवसर पर बाबा कृष्ण नाथ के गुरु जगदीश नाथ, ओघड़ पीर बाबा वीर नाथ, बाबा धर्माई नाथ, बाबा सतपाल पुरी, बाबा भगवान दास, श्रद्धालु पं. हरीश, पं. महावीर, पं. दिनेश, पं. रमेश, पं. राजेंद्र, पं. रामनिवास, पं. साधुराम, पं. जयपाल, अनिरूद्ध शर्मा, नीरज शर्मा, श्रद्धालुगण मौजूद रहे।


गोहाना। अग्नि के धूनों के बीच तपस्या में लीन बाबा कृष्ण नाथ।

#### अंतिम दिन एक धूने में होंगे 108 उपले

*अग्नि तपस्या की शुरूआत एक धूने में 27 उपलों के साथ हुई। तपस्या के अंतिम और 41वें दिन एक धूने में उपलों की संख्या बढ़कर 108 हो जाएगी। सिद्धि प्राप्ति के लिए तपती गर्मी में अग्नि के पांच धूनों के बीच यह एक अति कठोर साधना है।*

## सेवानिवृत्त अग्निवीरों का आरक्षण कोटा बढ़ाना सराहनीय कदम



**गोहाना।** प्रदेश सरकार द्वारा सेवानिवृत्त अग्निवीरों का आरक्षण कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया गया है। सरकार के इस फैसले का भाजपा के बरोदा हलका से पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने स्वागत किया। भाजपा नेता ने कहा कि पुलिस में सिपाही, खान व भू-विज्ञान विभाग में गार्ड, वन विभाग में वन रक्षक और जेल विभाग में वॉर्डन पदों पर छूट मिलेगी। इसके साथ-साथ शहीद अग्निवीरों के परिजनों को 1 करोड़ की अनुदान राशि भी दी जाएगी। स्वरोजगार के लिए सेवानिवृत्त अग्निवींरों को 5 लाख रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा भी मिल सकेगी। प्रदीप सांगवान ने कहा कि अभी तक प्रदेश में 7120 युवक अग्नवीर के पद पर हैं। उनके साथ डॉ. राममेहर राठी, अजीत सांगवान, जितेन्द्र शर्मा, जगदीप सांगवान, सरपंच सत्यवान भादोटी, रामनिवास सांगवान, अजमेर नरवाल, जयदेव, कृष्ण सांगवान मौजूद रहे।


खरखौदा। पेयजल समस्या लेकर एमएलए कार्यालय पहुंची महिलाएं।

### पर्याप्त पेयजल आपूर्ति न होने से सिसाना के उपभोक्ता परेशान

**खरखौदा।** सिसाना गांव में इन दिनों पीने के पानी की किल्लत से ग्रामवासी परेशान हैं। जिन्होंने विधायक के कार्यालय में पहुंचकर समाधान की मांग की है। उपभोक्ता महिलाओं का कहना है कि जन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से उनकी पेयजल परेशानी को हल नहीं किया जा रहा है। ट्यूबवेल से पानी सप्लाई किए जाने से उनके घरों तक पानी नहीं पहुंचता है। ऐसे में गर्मी के मौसम में पानी किल्लत से उन्हें जूझना पड़ रहा है। महिलाओं का कहना है कि विधायक ने उन्हें समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। सिसाना की रहने वाली रेखा, बबीता, सुमन, सीमा, सुनील, सुनीता, अंजू, ममता व स्वीटी का कहना है कि उनके घरों में पेयजल किल्लत से बीते काफी समय से परेशानी चली आ रही है। महिलाओं का कहना है कि उनके घरों में हाल समय में ट्यूबवेल के पानी की सप्लाई दी जा रही है। जिसका प्रेशर नहीं होने के कारण उनके घरों में पर्याप्त पानी नहीं आ रहा है।

## कांग्रेस नेता जुटेंगे — खरखौदा हलके के युवाओं से झरोठी टोल पर दोपहर 2 बजे इकट्ठा होने का आह्वान

# संविधान बचाओ अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे खरखौदा के युवा : अंकित

### प्रदेश में संविधान बचाओ अभियान कार्यक्रम की शुरुआत


खरखौदा। प्रेस वार्ता को संबोधित करते युवक कांग्रेस प्रधान अंकित।

- युवक कांग्रेस ने स्थानीय रेस्ट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

युवक कांग्रेस खरखौदा द्वारा स्थानीय रेस्ट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। जिसे युवक कांग्रेस खरखौदा के प्रधान अंकित दहिया ने संबोधित किया। मीडिया से रूबरू होते उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश मे संविधान बचाओ अभियान कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। जिसके तहत बुधवार को जिला मुख्यालय सोनीपत में जिला स्तर के कार्यक्रम का आयोजन गीतांजलि गार्डन में शाम 3 बजे किया जा रहा है। जिसमें सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगें और कांग्रेस पार्टी की आगामी रूपरेखा बतायेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक जयवीर वाल्मीकि के पुत्र दीपक लोहट, विक्रांत सिसाना, सागर सिसाना, बसंत सिसाना, प्रवेश कोच मटिंडू, आशीष खांडा, पुनीत राणा जटोला, आकाश गोपालपुर, हिमांशु, अजय रोहणा, आर्यन थाना कलां और अमन रोहट मौजूद रहे।

#### युवाओं में जोश और उमंग

अंकित दहिया ने बताया कि खरखौदा हलके से युवा कांग्रेस की टीम की पूरी तैयारी है और इस हलके से बड़ी संख्या में युवा संविधान बचाओ अभियान कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा को सुनने के लिए युवाओं में जोश और उमंग है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने के लिए खरखौदा हलके के युवा झरोठी टोल पर दोपहर 2 बजे इकट्ठा होकर सोनीपत के लिए रवाना होंगे। इस बीच उन्होंने युवाओं का आह्वान किया है कि वे अनुशासन का पूरा ध्यान रखें और गाड़ियों को स्पीड का ध्यान रखते एक ही पंक्ति में रखें। साथ ही यह भी बताया कि कार्यक्रम में जो भी दिशा निर्देश सांसद दीपेन्द्र हुड्डा द्वारा दिए जाएंगे, उसके लिए युवा कांग्रेस की टीम जमीनी स्तर पर कार्य करेगी और भविष्य में डोर टू डोर अभियान भी चलाएगी।

## खबर संक्षेप

### चोरी की वारदात में शामिल आरोपी काबू

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने फैक्ट्री से सामान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित किशन निवासी नरेला दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्रशांत विहार रोहिणी दिल्ली निवासी अंकुश ने 20 मई 2024 को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसने कुंडली में फैक्ट्री लगा रखी है। उसके फैक्टरी से सामान चोरी हो गया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपित को पहले गिरफ्तार कर लिया था। दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से सात हजार की राशि बरामद की है।

### अस्पताल पार्किंग से नर्स का दोपहिया वाहन चोरी

**सोनीपत।** सोनीपत-मुरथल सड़क मार्ग स्थित निजी अस्पताल की पार्किंग से दोपहिया वाहन के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। विशाल नगर निवासी सुशीला ने बताया कि वह ड्यूटी पर गई तो अपनी स्कूटी को अस्पताल की पार्किंग में खड़ा कर दिया था। ड्यूटी खत्म होने के बाद पार्किंग में स्कूटी लेने के लिए आई तो स्कूटी नहीं मिली। सुशीला ने बताया कि स्कूटी में उनके आरसी, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य कागजात थे। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी प्रयाग ने बताया कि आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाएगी।

### गोहाना में महिला ने चूहे मारने की दवा निगली

**गोहाना।** गांव घड़वाल की उमा ने पति की प्रताड़ना से तंग आकर चूहे मारने की दवा निगली और उसके बाद पुलिस को फोन कर दिया। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। उसे नागरिक अस्पताल से भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर किया गया। उमा ने बताया कि पति बिजेंद्र रोजाना शराब पीकर उसे गाली देता व मारपीट करता है। रविवार शाम को वह पति की पिटाई के डर से बस अड्डे की तरफ जाने ली। पति ने रास्ता रोककर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### ट्रेन में यात्रा के दौरान यात्री का मोबाइल चोरी

**सोनीपत।** दिल्ली-अंबाला रेलमार्ग पर ट्रेन में यात्रा के दौरान यात्री का मोबाइल फोन सोनीपत स्टेशन के पास से चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुरानी दिल्ली रेलवे पुलिस को शिकायत दी। जिसके बाद शिकायत को सोनीपत राजकीय रेलवे पुलिस के पास भेजा गया। राजेंद्र नगर रायपुर छतीसगढ़ निवासी एचसीएल रात्रे ने बताया कि वह हिमाचल एक्सप्रेस गाड़ी में यात्रा कर रहा था। उसने अपनी मोबाइल चार्ज लगा रखा था। किसी ने उसका मोबाइल चोरी कर लिया। गाड़ी उस समय सोनीपत रेलवे स्टेशन पर थी। पुलिस ने मामला सोनीपत क्षेत्र का होने के चलते शिकायत को राजकीय रेलवे पुलिस सोनीपत के पास भेजा।

## केंद्र के निर्देशों के अनुसार करवाई जा रही है मॉक ड्रिल

# आज होगी मॉक ड्रिल, एक साथ बजेंगे हवाई हमले के सायरन

आपात परिस्थितियों में प्रशासनिक सक्रियता संसाधनों की उपलब्धता व आमजन की सुरक्षा की तैयारियों का लिया जाएगा जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सरकार के निर्णय के अनुसार बुधवार को जिले में मॉक ड्रिल का करवाई जाएगी। युद्ध की स्थिति में लोगों को तैयार करने के उद्देश्य से करवाई जाने वाली इस मॉक ड्रिल को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारियां कर ली हैं। बुधवार शाम 4 बजे मॉक ड्रिल के जरिये आपदा स्थित में प्रशासनिक सक्रियता, संसाधनों की उपलब्धता व आमजन की सुरक्षा को लेकर तैयारियों की परख की जाएगी। इस संदर्भ में मंगलवार को उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने अधिकारियों के साथ बैठक भी की। मॉक ड्रिल के लिये लघु सचिवालय परिसर को इसके लिए मुख्य क्षेत्र घोषित किया गया है, यहां से ड्रिल की गतिविधियों का संचालन व मूल्यांकन किया जाएगा।



**सोनीपत।** बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारीगण। *फोटो : हरिभूमि*

### मॉक ड्रिल की शुरुआत

जिलाभर में एक साथ बजने वाले सायरनों से होगी, जो आपदा की चेतावनी का संकेत होंगे। इसके तुरंत बाद सुरक्षा एजेंसियों व आपात सेवाओं की ओर से आपातकालीन प्रतिक्रिया की प्रक्रिया शुरू होगी। पुलिस, नागरिक सुरक्षा, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस, चिकित्सा सेवाएं व अन्य आवश्यक विभागों की तैनाती, क्रियाशीलता की परख की जाएगी। लघु सचिवालय में सायरन बजते ही मॉक ड्रिल शुरू होगी। इसके लिए शहर के नागरिक अस्पताल, नगर निगम के दमकल केंद्र आदि से सुरक्षा वाहन दौड़ने लगेंगे। सड़कों पर कुछ देर के लिए सुरक्षा वाहनों की घंटियां बजती दिखाई देंगी।

### लघु सचिवालय में कंट्रोल रूम स्थापित

मॉक ड्रिल के संचालन के लिए लघु सचिवालय में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल रूम से सभी विभागों की समन्वय गतिविधियों की निगरानी की जाएगी। ड्रिल में मेडिकल कॉलेज, सरकारी, निजी अस्पताल व अन्य जरूरी सेवाएं शामिल रहेंगी। बैठक में जिला पुलिस प्रमुख डीसीपी कुशल सिंह, नगराधीश डॉ. अनमोल, एसीपी राहुल देव व राजपाल, होमगार्ड के जिला कमांडेंट सुरेंद्र हुड्डा सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार कार्रवाई

गृह मंत्रालय के निर्देश के तहत मॉक ड्रिल में हवाई हमला सायरन बजाया जाएगा। लोगों को सतर्क कर सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की प्रक्रिया का अभ्यास किया जाएगा। इस अभ्यास में नागरिक सुरक्षा की टीमें व पुलिस जवान शामिल रहेंगे। उन्हें बताया जाएगा कि ऐसी स्थिति में कैसे सुरक्षित रहना है। उपायुक्त ने जिलावासियों का आह्वान किया कि मॉक ड्रिल के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलाएं, न ही घबराहट की स्थिति पैदा करें। यह अभ्यास आमजन की सुरक्षा को लेकर की जाने वाली तैयारियों का हिस्सा है।

# निःशुल्क जांच शिविर में 65 ठेकेदारों और मिस्त्री ने करवाई स्वास्थ्य जांच

- एसीसी कंपनी द्वारा विजय गोयल के नेतृत्व में लगाया जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर।** जांच शिविर में जांच करते डा. रोहित साथ में एसीसी के अधिकारी।

शहर के मल्टीस्पेशिलेटी अस्पताल में मंगलवार को एसीसी सीमेंट द्वारा गोयल सीमेंट एंड स्टील के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। डा. रोहित ने स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में करीब 65 ठेकेदारों ने स्वास्थ्य जांच के बाद विभिन्न टेस्ट निशुल्क करवाए। अस्पताल के चिकित्सक डा. रोहित ने शिविर में आए ठेकेदार, मिस्त्री को जागरूक करते हुए कहा कि जिंदगी की भागदौड़ में सबसे जरूरी है कि वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखे और समय निकालकर सुबह की सैर जरूर करे। इससे आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। इसके अलावा खान-पान की चीजों का भी ध्यान रखे। सेल्स प्रमोटर विजय गोयल ने कहा कि समय- समय पर स्वास्थ्य जांच जरूरी है। मौके पर कंपनी के तकनीकी हैड सौरभ अरोड़ा, सेल्स प्रमोटर विजय गोयल उपस्थित रहे।

## योग का दिया प्रशिक्षण, वितरित किए सर्टिफिकेट



**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय के योग विभाग में सर्टिफिकेट कोर्स करवाया गया। इसमें प्रतिदिन एक घंटा योगयाभास करवाया गया। यह योगाभ्यास योग विभाग की शिक्षिका डॉ. अल्का दहिया ने करवाया। इसमें प्रतिदिन सूर्य नमस्कार, प्राणायम और मन्त्रोच्चारण करवाया जाता था। इस सर्टिफिकेट कोर्स का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग की एचओडी डॉ. सुमन मान ने करवाया। इस सर्टिफिकेट कोर्स में लगभग 50 छात्राओं ने भाग लिया, जिन्हें कोर्स पूरा होने पर सर्टिफिकेट दिए गए। सर्टिफिकेट का वितरण महाविद्यालय की प्राचार्या गीता देवी, डॉ. जगवंती देशवाल, डॉ. सुमन मान, डॉ. अल्का, ममता द्वारा किया गया।

## शिविर में जांचे 195 मरीजों के नेत्र, 13 के होंगे ऑपरेशन

अग्रवाल धर्मशाला में नेत्र चिकित्सा कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



शिविर में जांच करवाने के लिये पहुंचें लोग।

अग्रवाल धर्मशाला गुड़मंडी में दी महाराजा अग्रसेन समिति के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया गया। जिसमें दिल्ली से वेणु आई इंस्टीट्यूट व रिसर्च सेंटर से अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने 195 मरीजों की आंखों की जांच की। इसमें से 13 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई। इन 13 मरीजों को टीम के साथ ऑपरेशन के लिए दिल्ली भेजा गया है। अन्य बीमारी मिली तो उनको फ्री में दवाइयां दी गई। जरूरतमंद मरीजों के लिए मुफ्त में चश्में का प्रबंध अर्णव ऑप्टिशियन द्वारा किया गया। कैम्प में वर्मा लैब द्वारा मरीजों की शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच मुफ्त में की गई। इस मौके पर समिति के प्रधान टीकाराम मित्तल, उपप्रधान व मीडिया प्रभारी संजय सिंगला, महासचिव ओडी गर्ग, कैंप इंचार्ज प्रदीप गोयल, दयाराम जैन, डॉ. राजेश गुप्ता, राजीव गर्ग, लक्ष्य गोयल, आशु मंगला, विनोद गोयल, साहिल मित्तल, अमन गोयल,

## सिवि बनी मिस फ्रेशर व अवयुक्त मिस्टर फ्रेशर

- ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में नवागत नौनिहालों के लिए फ्रेशर पार्टी का किया गया भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में नवागत नौनिहालों के लिए फ्रेशर पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर इस फ्रेशर पार्टी का शुभारंभ किया।

इस दौरान बच्चों ने गीत-संगीत की धुनों पर कैटवॉक की आकर्षक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। समारोह में नन्हे मुन्ने बच्चों को अलग-अलग खिताबों से नवाजा गया। सिवि को मिस फ्रेशर व अवयुक्त को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। वहीं जियांशी व तनीषा को मिस ब्यूटीफुल, युवान व कार्तिक को मिस्टर हैंडसम, अंशु को मिस्टर स्मार्ट व हिमाया को मिस क्यूट के खिताब से नवाजा गया। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने नन्हे-मुन्ने बच्चों के अद्भुत कौशल की प्रशंसा की।

इस अवसर पर को-ओर्डिनेटर नीरजा, महक, गीता राणा, श्वेता, नमिता, संगीता, रेखा जैन, मधु, मीनाक्षी, मोनिका, बीना, कुसुम, ज्योति, सपना, सोनिया मदान, ज्योति, निशा, सीमा रानी, पारुल, कावेरी, पीटीआई राखी आदि मौजूद रहे।





**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में आयोजित नौनिहालों की फ्रेशर पार्टी में विभिन्न खिताबों से नवाजे गए बच्चे प्राचार्या गीता चोपड़ा के साथ।

### बिजली व पुलिस कर्मी के गलत व्यवहार से मौत होने का आरोप

**गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर गांव में बिजली चोरी का जुर्माने की रिकवरी करने गई टीम व पुलिस कर्मी पर धमकाने के बाद हार्ट अटैक से मौत होने पर मृतक के बेटे ने बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों को शिकायत दी। शिकायत में आरोप है कि उनके पिता ने जुर्माना भी भर दिया था लेकिन उक्त कर्मचारियों ने उन्हें परेशान किया, जिस कारण घबराने से हार्ट अटैक के कारण उनकी मौत हो गई। मृतक सुखबीर के बेटे अमित ने शिकायत में बताया कि गत 12 मार्च को उनके घर बिजली विभाग की टीम बिजली चोरी की चैकिंग के लिए गई थी। उसके बाद बिजली विभाग ने 48808 रूपयें का जुर्माना चोरी करने के कारण लगाया। जुर्माने का भुगतान उनके पिता ने 8 अप्रैल को भर दिया। लेकिन उसके बाद भी 5 मई को करीब 10 बजे सरकारी गाड़ी में बिजली विभाग के कर्मचारी व पुलिस कर्मी उनके घर आए और मेरे पिता से दुर्व्यवहार करने लगे। आरोप है कि उनके परेशान करने के कारण उनके पिता इतने डर गए कि उनका हार्ट अटैक होने से निधन हो गया। मृतक के बेटे अमित ने बताया कि जुर्माना भरने के बाद भी परेशान करने से उनके पिता की मौत हुई है। जब तक उन्हें न्याय नही मिलेगा वे मुख्यमंत्री से भी मिलेगे। इस बारे में बिजली विभाग के ग्रामीण एसडीओ से सम्पर्क करने का प्रयास किया तो सम्पर्क नहीं हो सका।

- बेटे ने जुर्माना भरने के बाद भी परेशान करने का लगाया आरोप
- घर पर आए कर्मियों से डरकर हार्ट अटैक से हुई मौत

### खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय आइस स्केटिंग में जीते तीन पदक

**खरखौदा।** गुरुग्राम में आयोजित 8 वीं हरियाणा स्टेट आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल खरखौदा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण पदक और 1 रजत पदक जीतकर न केवल स्कूल का, बल्कि जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में यश राणा और तनमय ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते, वहीं विशेष ने रजत पदक हासिल किया। तीनों खिलाड़ियों का नेशनल आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप के लिए भी चयन हो गया है। विजेता खिलाड़ियों के स्कूल पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित ओम प्रकाश दहिया, प्रिंसिपल दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया और स्केटिंग कोच सुमनलता ने फूल मालाओं से खिलाड़ियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश दहिया कहा, यह इन खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। स्केटिंग कोच सुमनलता ने बताया कि तीनों खिलाड़ियों ने अत्यंत लगन से अभ्यास किया और हमें विश्वास है कि वे नेशनल चैंपियनशिप में भी पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाएंगे। प्रिंसिपल दया दहिया ने खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया।





**खरखौदा।** विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते स्कूल प्रबंधन।

### एशियन बॉक्सिंग चैंपि. की स्वर्ण पदक विजेता सुनैना का स्वागत

**सोनीपत।** जॉर्डन के अरमान शहर में 17 अप्रैल 2025 से 1 मई 2025 तक अंडर-15 बॉयज एंड गर्ल्स एशियन बोक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स स्कूल की छात्रा सुनैना ने 61 किलोग्राम भारवर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक जीतकर भारत देश, हरियाणा राज्य सोनीपत शहर व अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। बोक्सिंग कोच रोहताश कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 18 देशों के 150 बॉक्सरों ने भाग लिया, जिसमें सुनैना ने अपने सेमीफाइनल मुकाबले में खेलते हुए यूक्रेन की सोफिया को हराया और फाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की एलिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस अवसर पर विद्यालय में एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सुनैना को फूल मालाएं पहनाकर उसका भव्य स्वागत हुआ। कोच को प्लांटर और शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस सभा के दौरान विद्यालय के सभी गणमान्य व्यक्ति व सुनैना के अभिभावक उपस्थित थे। विद्यालय प्रशासन द्वारा सुनैना को प्रेरित करने हेतु 21000 की राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ विशाल गर्ग, प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने सुनैना की इस सफलता पर बधाई व शुभकामनाएं दीं।



**सोनीपत।** सुनैना का स्वागत करती प्राचार्या एवं अन्य।

## दो सहकर्मियों की हत्या करने के दोषी को उम्रकैद, जुर्माना

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में दो सहकर्मियों की हत्या करने व तीसरे को घायल करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. नरिंद्र कौर की अदालत ने दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर बीस हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

- जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा

उत्तर प्रदेश के जिला अलीगढ़ के लेंटर वाली मस्जिद कॉलोनी अलहदापुर निवासी इस्लाम ने 7 सितंबर, 2019 को कुंडली थाना पुलिस को बताया था कि उनके बेटे अमरुद्दीन उर्फ धर्मेंद्र गांव नाहरी के पास स्थित कृष्णा ईंट-भट्ठे पर काम करते थे। अमरूद्दीन कुछ दिन पहले अपने घर से कुंडली आते हुए तीन अन्य मजदूरों सलीम, सलीम के साले इसराफिक व अपने पड़ोसी साजिद को लेकर आया था। 6 सितंबर, 2019 की रात को चारों खाना खाने के बाद ईंट के ढेर पर जाकर सो गए थे।

### यह है मामला

7 सितंबर, 2019 को सुबह अमरुद्दीन व सलीम के शव पड़े मिले थे। पुलिस ने मामले में अमरूद्दीन के पिता इस्लाम के बयान पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने सलीम के साले झारखंड के जिला गुमला के कुश निवासी इसराफिक की तलाश की तो वह दिल्ली में मिला था। बाद में उसके चौथे साथी की अलीगढ़ के गांव नंदरोई व घटना के समय अलीगढ़ स्थित ससनी गेट लेंटर वाली मस्जिद कॉलोनी निवासी साजिद की तलाश की गई थी। कुंडली थाना पुलिस ने उसे अलीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया था। उसने ही वारदात को अंजाम देना कबूल किया था। उन्हें घटना की शाम को एडवांस के चार हजार मिले थे। वह उसमें से अपना हिस्सा मांगने लगा तो उसका झगड़ा हो गया था। जिसकी रंजिश में उसने अमरूद्दीन, सलीम व इसराफिक पर ईंट व रॉड से हमला किया था। वह तीनों की हत्या के बाद झूठी कहानी बनाकर बचना चाहता था। हालांकि इसराफिक के जिंदा बचने के चलते वह कहानी नहीं बना सका और पकड़ा गया। वह वारदात को अंजाम देकर पहले दिल्ली व बाद में अलीगढ़ भाग गया था। पुलिस ने अदालत में पेश कर जेल भेज दिया था। मंगलवार को एएसजे डॉ.नरिंद्र कौर ने साजिद को दोषी करार दिया।

## अवकाश के दिन स्कूल खुला तो कार्रवाई नियमों में कोताही न बरते स्कूल संचालक



**गन्नौर।** बीईओ आजाद सिंह का स्कूल संचालक पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए।

**गन्नौर।** लल्हेड़ी रोड स्थित देवकुल शिक्षा सदन में खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह ने गन्नौर के प्राईवेट स्कूल संचालकों की बैठक ली। बैठक में सिंह ने सभी स्कूल संचालकों को आदेश दिए कि सभी प्राईवेट स्कूल संचालक राजकीय अवकाश पर अगर स्कूल खेलता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जो बच्चे स्कूल छोड़कर जाते हैं तो उन्हें स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र समय पर दें। कई बार बच्चा स्कूल नहीं आता और उसके परिजनों से फीस की मांग की जाती है तो वह गलत है। ऐसा करने पर कार्रवाई होगी। बीईओ ने कहा कि छात्रों को 7 मई को जंग वाले सायरन के प्रति जागरूक करे। इन सभी के बारे में छात्रों को अवगत करवाए।

### मौके पर यह रहे मौजूद

मौके पर प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारी के अलावा प्रधानाचार्य अजय यादव, रविन्द्र धनखड़, अजय भुक्कर, जोगेन्द्र मलिक, रमेश पहल, समय सिंह, राजेन्द्र कौशिक, विजय कुमार के अलावा विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य मौजूद थे।

**उपलब्धि** सामान्य कूलर से मिट्टी के कूलर में है बिजली खपत कम

# डीसीआरयूएसटी शोधार्थी ने मिट्टी के कूलर का पेटेंट करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के शोधार्थी मुकेश कुमार ने मिट्टी का एक ऐसा कूलर बनाया है, जिसमें बिजली की खपत सामान्य कूलर से आधी है।

अगर मिट्टी के कूलर को बड़े स्तर पर बनाया जाए तो इसकी कीमत सामान्य कूलर से आधी आएगी। भारत सरकार ने विश्वविद्यालय के शोधार्थी द्वारा बनाए गए मिट्टी के कूलर को पेटेंट किया है।

कुलपति प्रो. एसपी सिंह ने बहुत जरूरी कूलिंग सिस्टम के विकास के लिए डॉ. अमित शर्मा और मुकेश कुमार के काम की सराहना की। मिट्टी आधारित इस कूलिंग सिस्टम में समाज के कुम्हार समुदाय के सामाजिक-आर्थिक स्तर को बढ़ाने की क्षमता है क्योंकि उनकी सेवाओं का उपयोग किया जाएगा। शोधार्थी मुकेश कुमार ने बताया कि मिट्टी के बर्तन में पानी को ठंडा करने की अवधारणा या तरीके पर विकसित किया गया है, यानी वाष्पीकरण शीतलन। यह वही है, जो गर्मियों में पसीने के माध्यम से हमें ठंडा करता है। मिट्टी के कूलर का डिजाइन कूलर बाजार के प्रचलित मॉडलों के अनुरूप रखा गया है; ताकि उपयोगकर्ताओं के बीच स्वीकार्यता बनी रहे। यह शोध पिछले कुछ समय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अमित शर्मा है। वे मिट्टी आधारित कूलर के विकास पर अपनी डॉक्टरेट थीसिस पर काम कर रहे हैं। शोध के परिणामस्वरूप भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा पेटेंट प्रदान किया गया।





**सोनीपत।** पेटेंट के साथ कुलपति, शोधार्थी मुकेश एवं डॉ. अमित शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

### कूलर के लिए सोहना की मिट्टी का किया चुनाव

विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के शोधार्थी मुकेश ने मिट्टी का कूलर बनाने के लिए पहले पहले दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात व पंजाब की मिट्टी के सैंपल एकत्रित किए। अंत में मिट्टी का कूलर बनाने के लिए हरियाणा के सोहना की मिट्टी का चुनाव किया गया। मिट्टी का कूलर बनाने के लिए लगभग 100 बार प्रयास किए, लेकिन अंत में मुकेश को मिट्टी का कूलर बनाने में सफलता मिल गई। मिट्टी का कूलर मेड इन इंडिया के सिद्धांत पर बनाया गया है।

### 16 डिग्री तक कम हो सकता है तापमान

मुकेश ने बताया कि मिट्टी कूलर से तापमान को 16 डिग्री तक कम किया जा सकता है। एसी से निकलने वाली गैस हमारी ओजोन लेयर पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं, जबकि मिट्टी के कूलर से पर्यावरण पर किसी भी प्रकार का नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। मुकेश कुमार ने मिट्टी का कूलर मैकेनिकल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रो. अमित शर्मा के निर्देशन में बनाया है। मुकेश कुमार को मिट्टी का कुलर बनाने की प्रेरणा मिट्टी के पानी वाले घड़े से मिली है।